**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 04-12-2006**

**Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram**

an>

Title: Need to establish Super Speciality Hospital in Nagpur on the pattern of AIIMS.

**श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर):** महोदय, मैं जिस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, वह आध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़ा है तथा इन क्षेत्रों में भी गरीब जनजातीय लोगों का प्रतिशत अधिक है। ज्ञात हो, महाराट्र राज्य में मुम्बई के जे.जे. अस्पताल को उन्नत करने का निर्णय लिया गया है। लेकिन सनद रहे कि मेरे क्षेत्र से मुम्बई की दूरी करीब 1000-1200 कि.मी. है तथा दिल्ली तो 1300 से 1450 कि.मी. है। इतनी लंबी दूरी तय करके अति विशिट रोगों के उपचार हेतु आना-जाना आर्थिक रूप से खर्चीला तथा समय की बर्बादी होती है। विदर्भ के गडचिरोली, अमरावती, चन्द्रपुर तथा गेंदिया जिलों में जनजातीय लोग बहुतायत संख्या में रहते हैं। यहां पर स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में कुपोाण से मरने वालों का प्रतिशत बहुत है। उसी तरह यह कि भौगोलिक रचना के कारण भू-जल में फ्लोराइड की अधिक मात्रा होने से यहां पर लोग नाहक फ्लोरोसीस से मरते या विकलांग हो रहे हैं। इतना ही नहीं, हमारे यहां मलेरिया का संक्रमण होने के कारण रुग्णों की संख्या देश में सबसे अधिक है। मध्य भारत में सिकलसेल जैसी आनुवंशिक बीमारी से मरने वालों की संख्या भी अधिक है।

अगर नागपुर को एम्स की स्थापना के लिए चयन किया गया तो विदर्भ, छत्तीसगढ़, म.प्र. तथा आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती जिले के नागरिकों को भारी सुविधा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर में जिस तरह आतंकी गतिविधियों के कारण उपचार हेतू दो संस्थानों को उन्नत करने का निर्णय लिया गया है। उसी तरहविदर्भ के चन्द्रपुर, गडचिरोली और गेंदिया जिले नक्सल प्रभावित हैं। यहां पर आतंकी गतिविधियों के कारण हरदम बम विस्फोट हमला आदि में बड़ी संख्या में लोग तथा सुरक्षाकर्मी मारे जाते हैं। लेकिन अति विशिट स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण इन हताहत लोगों की जान नहीं बचाई जा सकती। अति विशिट सेवाओं का फायदा मध्य भारत के लोगों को मिलने हेतू नागपुर में एम्स की स्थापना होनी ही चाहिए। ज्ञात हो कि नागपुर देश का भी हृदय स्थल है और मध्य भारत के सभी राज्यों के सीमावर्ती जिलों को सुविधाजनक है। वहां जाने के लिए रेल तथा सड़क सम्पर्क भी आसान है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मध्य भारत के लोगों को अति विशिट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नागपुर में एम्स की स्थापना करने की घोाणा करें।